# ४. गाँव-शहर

– *प्रदीप शुक्ल*

बदला-बदला-सा मौसम है
बदले-से लगते हैं सुर ।
दीदा फाड़े शहर देखता
गाँव देखता टुकुर-टुकुर ।

तिल रखने की जगह नहीं है
शहर ठसाठस भरे हुए ।
उधर गाँव में पीपल के हैं
सारे पत्ते झरे हुए ।



मेट्रो के खंभे के नीचे
रात गुजारे परमेसुर ।
दीदा फाड़े शहर देखता
गाँव देखता टुकुर-टुकुर ।

इधर शहर में सारा आलम
आँख खुली बस दौड़ रहा ।

वहाँ रेडियो पर स्टेशन
रामदीन है जोह रहा ।
उनकी बात सुनी है जबसे
दिल करता है धुकुर-पुकुर ।

सुरसतिया के दोनों लड़के
सूरत गए कमाने ।
गेहूँ के खेतों में लेकिन
गिल्ली लगीं घमाने ।



लँगड़ाकर चलती है गैया
सड़कों ने खा डाले खुर ।
दीदा फाड़े शहर देखता
गाँव देखता टुकुर-टुकुर ।

—— ० ——

## परिचय

**जन्म :** १९६७, लखनऊ (उ.प्र.)
**परिचय :** कवि प्रदीप शुक्ल जी को हिंदी कविता के प्रति विशेष श्रद्‌धा है । आप कविता को एक साधना के रूप में देखते हैं । हिंदी की विविध पत्र-पत्रिकाओं में आपकी रचनाएँ छपती रहती हैं ।
**प्रमुख कृतियाँ :** 'अम्मा रहती गाँव में' (नवगीत संग्रह), 'गुल्लू का गाँव' (बालगीत संग्रह) आदि ।

## पद्‌य संबंधी

प्रस्तुत नवगीत में कवि प्रदीप शुक्ल जी ने गाँव और शहर के दर्द को दर्शाया है । यहाँ शहरों की भीड़-भाड़, भागम-भाग, गाँव से शहरों की तरफ पलायन, गाँवों का शहरीकरण आदि का बड़े ही मार्मिक ढंग से वर्णन किया है ।

## कल्पना पल्लवन

'भारतीय संस्कृति के दर्शन देहातों में होते हैं' इस तथ्य पर अपने विचार लिखो ।

## शब्द वाटिका

**दीदा** = आँख, दृष्टि, निगाह
**परमेसुर** = परमेश्वर (एक नाम)
**आलम** = दुनिया, जगत, जहान
**गिल्ली** = गिलहरी
**गैया** = गाय
**घमाना** = धूप खाना

**✲ सूचना के अनुसार कृतियाँ करो :-**

**(१) तुलना करो :**

| गाँव | शहर |
|---|---|
| -------- | -------- |
| -------- | -------- |
| -------- | -------- |

**(२) उचित जोड़ियाँ मिलाओ :**

| अ | उत्तर | आ |
|---|---|---|
| १. मेट्रो | ------ | गाँव |
| २. पीपल | ------ | कस्बा |
| | | शहर |

**(३) कृति पूर्ण करो :**

१. गाँव का देखना — [ ]
२. शहर का देखना — [ ]

**(४) एक शब्द में उत्तर लिखो :**

१. लँगड़ाकर चलने वाली –
२. पत्ते झरा हुआ वृक्ष –
३. बदले-से लगते हैं –
४. जहाँ तिल रखने की जगह नहीं है ।

**भाषा बिंदु** पाठ्‌यपुस्तक के पाठों से विलोम और समानार्थी शब्द ढूँढ़कर उनकी सूची बनाओ और उनका अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग करो ।

**उपयोजित लेखन** वृक्ष और पंछी के बीच का संवाद लिखो ।



### मैंने समझा

-----------------------------------------------
-----------------------------------------------
-----------------------------------------------



**स्वयं अध्ययन** यातायात के नियम, सांकेतिक चिह्न एवं हेल्मेट की आवश्यकता आदि के चार्टस बनाकर विद्‌यालय की दीवारें सुशोभित करो ।

IPNENC